न्यायालय उपखण्ड न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :—अनिल कुमार आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या – 125/2024

बनाम

प्रार्थी	विप्रार्थी
कबूल पुत्र मुबीन, हनिफा पत्नी मुबीन जाति मुसलमान निवासी आजादपुरा गागरिया	1. तहसीलदार रामसर।

(मोहर: उपखण्ड अधिकारी रामसर जिला-बाड़मेर)

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 136 राज0मू0राज0 अधिनियम

आदेश

दिनांक 18.09.2024

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि मौजा आजादपुरा पटवार मण्डल गागरिया के खसरा संख्या 121 रकबा 12.3834 हैक्टेयर में राजस्व रेकर्ड ऑनलाइन करते समय कमाल पुत्र मोडा व रहीमा पत्नी मोडा दर्ज कर दिया जिसे शुद्व कर सही नाम कबूल पुत्र मुबीन, हनिफा पत्नी मुबीन दर्ज करने हेतु यह प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 26.07.2024 को दर्ज किया गया।

आवेदन दर्ज रजिस्टर कर किया गया। तहसीलदार रामसर से रिपोर्ट प्राप्त की गयी। पत्रावली को अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन एवं समस्त दस्तावेजों के अध्ययन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा आजादपुरा पटवार मण्डल गागरिया के खसरा संख्या 121 रकबा 12.3834 हैक्टेयर में प्रार्थी का नाम कमाल पुत्र मोडा व रहीमा पत्नी मोडा के स्थान पर **कबूल पुत्र मुबीन, व हनिफा पत्नी मुबीन** दुरस्त करने के आदेश पारित किये जाते हैं। तहसीलदार रामसर को तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता हैं।

यह आदेश आज दिनांक **18.09.2024**को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(हस्ताक्षर)
(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी रामसर
दिनांक 18.09.2024
(मोहर: उपखण्ड अधिकारी रामसर)

कमांक : रीडर/2024/ 3015-16

प्रतिलिपि :—

1. तहसीलदार रामसर।
2. प्रार्थी कबूल पुत्र मुबीन, हनिफा पत्नी मुबीन जाति मुसलमान निवासी आजादपुरा गागरिया

(हस्ताक्षर)
उपखण्ड अधिकारी रामसर
(मोहर: उपखण्ड अधिकारी रामसर) 18/9/2024